# PRINCE SCHOOL

विद्याऽमृतमश्नुते
Rajasthan Board, English & Hindi Medium, Class VI to XII (Science, Commerce, Arts & Agriculture)
www.princeeduhub.com | Palwas Road, Sikar. Helpline : 9610-63-2222, 9610-69-2222 | princeeducationhubsikar

**Model Paper - 2025**
**CLASS – X**

**TIME: 3 Hour 15 Mints** **SUBJECT : Hindi** **M.M. 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न – पत्र पर नामांक अनिवार्यत : लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

---

**खण्ड – अ**

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखिए : 15×1=15

(i) जातिवाचक संज्ञा शब्द है –
(अ) रमा (ब) नगर (स) बचपन (द) भय

(ii) ' राष्ट्रीय ' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –
(अ) य (ब) ईय (स) इय (द) ई

(iii) ' दीर्घ स्वर सन्धि ' का सही उदाहरण है –
(अ) रवीन्द्र (ब) नरेश (स) सदैव (द) तपोवन

(iv) कौन–सा उदाहरण कर्मधारय समास का नहीं है –
(अ) लालमुख (ब) सच्चरित्र (स) पथ – भ्रष्ट (द) चरण – कमल

(v) ' नेताजी का चश्मा ' पाठ की विधा क्या है
(अ) नाटक (ब) एकांकी (स) कहानी (द) निबन्ध

(vi) ' नौबतखाने में इबादत ' पाठ के लेखक हैं –
(अ) यतीन्द्र मिश्र (ब) यशपाल (स) रामवृक्ष बेनीपुरी (द) स्वयं प्रकाश

(vii) बालगोबिन भगत के बेटे को मुखाग्नि किसने दी ?
(अ) पोते ने (ब) पतोहू ने (स) स्वयं ने (द) गाँव वालों ने

(viii) पिता के सामने मन्नू भण्डारी के भाषण की प्रशंसा किसने की ?
(अ) प्राध्यापिका शीला अग्रवाल ने (ब) राजेन्द्र यादव ने
(स) डॉ. अम्बालाल ने (द) प्रिंसिपल ने

(ix) 'संगतकार ' कविता के कवि हैं –
(अ) नागार्जुन (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी ' निराला '
(स) जयशंकर प्रसाद (द) मंगलेश डबराल

(x) ' यह दंतुरित मुसकान ' की भाषा है –
(अ) ब्रज (ब) अवधी (स) खड़ी बोली (द) राजस्थानी

(xi) परशुराम ने अनेक बार भूमि को क्षत्रियों से विहीन कर किसे प्रदान की ?
(अ) ब्राह्मणों को (ब) देवताओं को (स) ऋषियों को (द) राजाओं को

(xii) सूर्यकांत त्रिपाठी ' निराला ' का जन्म हुआ था –
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) राजस्थान (स) बिहार (द) बंगाल

(xiii) गैंगटॉक (गंतोक ) का अर्थ क्या है ?
(अ) जलाशय (ब) पहाड़ (स) पठार (द) चोटी

(xiv) लेखक अज्ञेय को किसका पुस्तकीय ज्ञान था ?
(अ) अणु का (ब) रेडियोधर्मी तत्त्वों का (स) रेडियोधर्मिता के प्रभाव (द) उपर्युक्त सभी

(xv) जितेन ने यूमथांग घाटी में किस फिल्म की शूटिंग होने की बात कही है ?

(अ) गाइड (ब) एक फूल दो माली (स) बरसात (द) फूल खिले हैं गुलशन – गुलशन

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4×1= 4

(i) जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग कर्त्ता स्वयं के लिए प्रयुक्त करता है, उसे .................................................... सर्वनाम कहते हैं।

(ii) संख्यावाचक विशेषण के .................................................... उपभेद हैं।

(iii) अविकारी या अव्यय के .................................................... भेद होते हैं।

(iv) जो शब्दांश शब्द के .................................................... में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न कर देते हैं, वे उपसर्ग कहलाते हैं।

3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर – पुस्तिका में लिखिए : 6×1= 6

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है। भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा ? इस प्रश्न को सुलझाने में या स्वप्न लेने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है। भविष्य के बारे में सोचिए जरूर, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अत : आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य प्रारम्भ करें। वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि बनती गई, तो भविष्य रूपी इमारत भी अवश्य बन जाएगी। जितनी मेहनत हो सके , उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें। यह सोचते हुए समय खराब न करें कि हे ! भगवान मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है। वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है। भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं। ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं। मन में लगन कम होती है और लक्ष्य दूर होता चला जाता है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) आज का विद्यार्थी अपना बहुत – सा समय किस प्रकार नष्ट कर देता है ?

(iii) भविष्य के बारे में अधिक सोचने से क्या होता है ?

(iv) किस तरह की सोच से हमारा समय नष्ट होता है ?

(v) समय किसे नष्ट कर देता है ?

(vi) 'दुरुपयोग ' शब्द का विपरीतार्थक शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए।

4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर – पुस्तिका में लिखिए : 6×1=6

शब्दों की दुनिया में मैंने
हिन्दी के बल अलख जगाये।
जैसे दीप – शिखा के बिरवे
कोई ठण्डी रात बिताये ।।
    जो कुछ हूँ हिन्दी से हूँ मैं
    जो हो लूँ हिन्दी से हो लूँ।
हिन्दी सहज क्रान्ति की भाषा
यह विप्लव की अकथ कहानी।
मैकाले पर भारतेन्दु की
अमर विजय की अमिट निशानी।।
    शेष गुलामी के दागों को
    जब धोलूँ हिन्दी में धोलूँ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) कवि ने हिन्दी को किसकी भाषा बताया है ?

(iii) मैकाले किस भाषा के समर्थक थे ?

(iv) कवि ने अपना व्यक्तित्व कैसे निर्मित किया है ?

(v) 'मैकाले पर भारतेन्दु की अमर विजय ' से क्या आशय है ?

(vi) कवि कैसा है और कैसा होना चाहता है ?

## खण्ड – ब

**निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए :** 7×2 =14

5. बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ?
6. सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?
7. फसल को हाथों के स्पर्श की 'गरिमा' और ' महिमा ' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है ?
8. आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में ' अभी समय भी नहीं ' कवि ऐसा क्यों कहता है ?
9. लेखक ने अपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ?
10. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों ' का शहर क्यों कहा गया है ?
11. 'रोंगटे खड़े होना ' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

## खण्ड – स

12. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखिए : 4×1= 4

और सभ्यता ? सभ्यता है संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने – पीने के तरीके , हमारे ओढ़ने – पहनने के तरीके , हमारे गमनागमन के साधन हमारे परस्पर कट मरने के तरीके ; सब हमारी सभ्यता हैं। मानव की जो योग्यता उससे आत्म – विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है , हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति ? और जिन साधनों के बल पर वह दिन – रात आत्म – विनाश में जुटा हुआ है , उन्हें हम उसकी सभ्यता समझें या असभ्यता ?

संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा ?

(i) संस्कृति का परिणाम किसे कहा गया है ?
(ii) संस्कृति कब असंस्कृति हो जाती है ?
(iii) असंस्कृति और असभ्यता के संबंध को स्पष्ट कीजिए।
(iv) हमारी सभ्यता क्या है ?

**अथवा**

इन सबके ऊपर , मैं तो मुग्ध था उनके मधुर गान पर – जो सदा – सर्वदा ही सुनने को मिलते। कबीर के वे सीधे – सादे पद, जो उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते।

आसाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पडा है। कहीं हल चल रहे हैं ; कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी – भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं औरतें कलेवा लेकर मेड़ पर बैठी है आसमान बादल से घिरा ; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार – सी कर उठी। यह क्या है – यह कौन है ! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत का समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े , अपने खेत में रोपनी कर रहे है उनकी अँगुली एक – एक धान के पौधे को पंक्तिबद्ध , खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक – एक शब्द को संगीत के जीने पर चढाकर कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर ! बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं ;मेड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं ,वे गुनगुनाने लगती हैं ; हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते है;रोपनी करनेवालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं। बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू!

(i) बालगोबिन अपने खेत में क्या कर रहे थे ?
(ii) बालगोबिन के गीतों का क्या प्रभाव हो रहा था ?
(iii) बालगोबिन के संगीत को लेखक ने जादू क्यों बताया है ?
(iv) समूचा गाँव कब खेतों में उतर जाता है ?

13. प्रस्तुत पठित पद्यांश को पढकर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 4×1= 4

विकल विकल , उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन ,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !
    तप्त धरा , जल से फिर
    शीतल कर दो –
    बादला , गरजो !

(i) कवि ने यह कविता बादल को ही संबोधित क्यों की है ?
(ii) ' निदाघ ' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रतीकात्मक भाव को समझाइए ।
(iii) कवि बादलों से बरसने का अनुरोध क्यों कर रहे हैं ?
(iv) ' तप्त धरा ' का अर्थ क्या है ?

**अथवा**

धन्य तुम , माँ भी तुम्हारी धन्य '!
चिर प्रवासी मैं इतर , मैं अन्य !
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर बताइए कि माँ को धन्य क्यों माना गया है ?
(ii) दंतुरित मुसकान कवि को कैसी लगती है ?
(iii) कवि की अपने घर में स्थिति कैसी है ?
(iv) ' और होती जब कि आँखें चार' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

14. ' लखनवी अंदाज ' कहानी से लेखक क्या संदेश देना चाहता है ? ( उत्तर सीमा 50 – 60 शब्द ) 3

**अथवा**

' एक कहानी यह भी ' पाठ में लेखिका के पिता ने रसोई को ' भटियारखाना ' कहकर क्यों संबोधित किया है ?

15. कवि जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने सें क्यों बचना चाहता है ? ( उत्तर सीमा 50 – 60 शब्द ) 3

**अथवा**

' संगतकार ' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

16. मन्नू भंडारी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में लिखिए। 3

**अथवा**

सूरदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में लिखिए।

17 ' मैं क्यों लिखता हूँ ' पाठ के आधार पर विज्ञान के प्रति आपके मन में कैसी छवि उभरती है ? 4

**अथवा**

' माता का अँचल ' पाठ के शीर्षक की सार्थकता इस पाठ की किस घटना में निहित प्रतीत होती है ? लिखिए।

18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 6

1. भ्रष्टाचार : एक विकराल समस्या
(i) प्रस्तावना
(ii) भ्रष्टाचार के कारण
(iii) भ्रष्टाचार के कुप्रभाव
(iv) भ्रष्टाचार के रोकने के उपाय
(v) उपसंहार

2. साइबर अपराध के बढ़ते कदम –
(i) प्रस्तावना
(ii) साइबर अपराध क्या है व प्रसार – प्रभाव
(iii) साइबर अपराध रोकथाम हेतु सरकार द्वारा किये गये प्रयास
(iv) साइबर अपराध रोकथाम हेतु सुझाव
(v) उपसंहार

3. आदर्श विद्यार्थी
(i) प्रस्तावना
(ii) एक आदर्श विद्यार्थी का जीवन
(iii) आदर्श विद्यार्थी का उद्देश्य
(iv) आदर्श विद्यार्थी समाज में
(v) उपसंहार

4. इलेक्ट्रिक वाहन : आज की आवश्यकता
(i) प्रस्तावना
(ii) इलेक्ट्रिक वाहनों की आवश्यकता
(iii) इलेक्ट्रिक वाहनों से होने वाले नुकसान
(iv) इलेक्ट्रिक वाहनों के फायदे
(v) उपसंहार

19. स्वयं को रा.उ.मा. वि. सीकर का छात्र अजय मानकर प्रधानाचार्य को विद्यालय में खेल सुविधाएँ बढ़ाने का निवेदन करते हुए प्रार्थना पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

स्वयं को श्रेयांश मानते हुए अपनी बहिन मनीषा को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए।

20. रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर – का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सोसायटी की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

' रक्षक हेलमेट बनाने वाली कम्पनी ' की बिक्री बढ़ाने के लिए 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।